राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री मुनि लाल जी के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 23 दिसम्बर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री मुनि लाल के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि स्व॰ मुनि लाल जी एक कुशल प्रशासक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे, जिनके निधन से बिहार राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है। राज्यपाल ने कहा है कि स्व॰ मुनि लाल जी ने समाज के अभिवंचित और पीड़ित वर्ग के कल्याण और बहुमुखी विकास हेतु अथक प्रयास किये।

राज्यपाल श्री चौहान ने दिवंगत नेता की आत्मा को चिरशांति तथा उनके पारिवारिक जन और प्रशंसकों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....